धर्मशाला। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य पर उन्नत भारत अभियान और समाज कार्य विभाग, केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश की ओर से अंगीकृत पार्क "सप्तसिंधु वाटिका" में बलिदानी पंकज बड़ियाल व स्वतंत्रता सेनानी श्री साधु राम जी का स्मारक बनाया गया। जहां बलिदानी पंकज बड़ियाल जी की माता सत्या देवी व समस्त परिवार व ग्राम पंचायत धवाला की प्रधान, वार्ड सदस्यों ने श्रद्धासुमन चढ़ाए और तिरंगा लहराया। ग्राम पंचायत प्रधान अंजना देवी ने शपथ दिलाई । वहीं उन्नत भारत अभियान की नोडल अधिकारी डा. शशि पूनम ने सभी ग्रामीणों से आग्रह किया कि सभी अपने घर तिरंगा लहराएं और हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाएं।